बामर लारी एण्ड कं० को हुआ घाटा

2476. **श्रीमती सत्या वहिन :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बाताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बामर लारी एण्ड कं० लि० को उत्पादन स्थगन के दौरान कितना वित्तीय घाटा हुआ है ;

(ख) क्या यह सच है कि बामर लारी एण्ड कं० लि० ने सिलेंडरों में होने वाले रिसाव की जांच करने के लिए रिसाव परीक्षण मशीन खरीदी थी परन्तु उसे उपयोग में नहीं लाया गया ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार गैस सिलेंडरों के विनिर्माण के लिए विख्यात मथुरा स्थित इस कम्पनी को निजी क्षेत्र को सौंपने का विचार रखती है ; और

(घ) क्या सरकार द्वारा बीमार घोषित की गई कम्पनियों की सूची में बामर लारी एण्ड कम्पनी का नाम शामिल है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) दिनांक 12-8-1992 और 30-11-1992 के बीच उत्पादन विलंबन के दौरान मथुरा में कम्पनी के सिलेंडर और स्टोव प्रभाग को हुई हानि लगभग 25 लाख रुपए होने का अनुमान है ।

(ख) नवम्बर, 1991 में स्थापित रिसाव परीक्षण मशीन मई, 1992 तक प्रचालन में थी परन्तु उसके बाद इसका इस्तेमाल फालतू पूर्जों के उपलब्ध न होने के कारण नहीं किया जा सका ।

(ग) सरकार ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है ।

(घ) जी, नहीं ।

बामर लारी एण्ड कंपनी का बंद किया जाना

2477. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बाताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बामर लारी एण्ड कम्पनी को बंद किया जा रहा है ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उत्पादन की गुणवत्ता के बारे में की गई शिकायतों के आधार पर सिलिंडरों का उपादन नौ बार स्थगित किया गया है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि यह कम्पनी निर्धारित लक्ष्य से अधिक उत्पादन कर रही है और अपने कर्मचारियों को उत्पादकता लाभांश भी दे रही है; यदि हां, तो जब-जब ऐसा लाभांश दिया गया तब-तब इसके उत्पादन की स्थिति क्या थी ;

(घ) क्या इसके उत्पादन में कोई कमी आई है ; तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या यह भी सच है कि बामर लारी कर्मचारी संघ में 30 बार सरकार का ध्यान इस कम्पनी के घटते हुए उत्पादन तथा इसमें व्याप्त कुप्रबन्धन की ओर दिलाया था ; यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है और क्या सरकार कम्पनी के कार्यों की केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच कराने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, नहीं ।

(ख) बाटलिंग संयंत्र में रिसाव वाले सिलिंडरों का पता चलने के कारण मथुरा स्थित बामर लारी एण्ड कम्पनी लि० की इकाई में एल० पी० जी० सिलिंडरों का उत्पादन नौ अवसरों पर निलम्बित किया गया था ।